बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

अधीनस्थ स्टाफ की भर्ती - वर्ष 2016

बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल कार्यालय, लखनऊ अधीनस्थ वर्ग के निम्नलिखित पदों पूर्णकालिक सफाईकर्मी-सह-चपरासी / चपरासी के पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

राज्य	जिला#	पद	रिक्तियों की संख्या	अ.जा.	अ.ज.जा.	अपिव	अना	जिनमें से			
								ओएच	वीआई	एचआई	ईएक्सएस
उत्तर प्रदेश	लखनऊ अंचल कार्यालय, लखनऊ	सफाईकर्मी -सह-चपरासी	265	46	0	57	162	6	3	5	53
उत्तर प्रदेश	लखनऊ अंचल कार्यालय, लखनऊ	चपरासी	7	0	0	0	7	0	0	0	0

ज़िला जहाँ रिक्तियां हैं – इलाहाबाद, कौशाम्बी, चित्रकूट, फैजाबाद, बलरामपुर, गोण्डा, सिद्धार्थ नगर, फतेहपुर, हमीरपुर, महोबा, बाँदा, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर,महाराजगंज, मऊ, संतकबीरनगर, कानपुर नगर , कानपुर देहात, जालौन , बहराइच, सीतापुर , लखनऊ , रायबरेली , उन्नाव , छत्रपति शाहूजी महाराज नगर ,अमेठी , प्रतापगढ़ ,सुल्तानपुर , चंदौली , जौनपुर , मिर्ज़ापुर ,संत रविदास नगर , सोनभद्र , वाराणसी , गाजीपुर .

संक्षिप्तीकरण - अ.जा.- अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. - अनुसूचित जन-जाति, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, अना-अनारक्षित, ओएच- अस्थि विकलांग, वीआई- दृष्टि बाधित, एचआई- बधिर, ईएक्सएस-भूतपूर्व सेवारत .

अंतिम रूप में चयनित अभ्यर्थियों को बैंक की प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार जिला / जिलों में रिक्त किसी भी भर्ती के सापेक्ष पदास्थापित किया जा सकता है .

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने की छूट होगी, यद्यपि इसमें उनके लिए अनारक्षित रिक्तियों सम्बन्धी दिशा निर्देश लागू होंगे.

सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आरक्षण उपलब्ध कराया जाएगा.

आवेदन करने कि अंतिम तिथि 13/12/2016 है.

पात्रता मानदण्ड:

आयु:

दिनांक 22.11.2016 कम से कम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए किंतु 26 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. अ.जा.- अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. - अनुसूचित जन-जाति, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सेवारत को उच्च आयु सीमा में छूट सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार दी जाएगी.

शैक्षणिक योग्यता :

- 10वीं अथवा इसके समकक्ष पास.
- अभ्यर्थी को स्थानीय /क्षेत्रीय भाषा को पढ़ना और लिखना आना चाहिए.
- आवेदन फीस :
  आवेदन फीस / सूचना प्रभार देय (ऑनलाइन भुगतान) निम्नानुसार होगा.

₹ 100 अ.जा.- अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. - अनुसूचित जन-जाति, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सेवारत के लिए
₹ 400 अन्य सभी के लिए

भुगतान कि प्रक्रिया:

1. ऑनलाइन भुगतान (क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग द्वारा): आवेदन फीस / सूचना प्रभार (ऑनलाइन भुगतान) से सम्बन्धित बैंकिंग संव्यवहार प्रभार अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा .
2. ऑफ़लाइन भुगतान (बैंक ऑफ़ बड़ौदा के चालान द्वारा): ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरने पर आवेदन शुल्क जमा करने हेतु सिस्टम द्वारा एक पे-इन-स्लिप / कैश वाउचर जारी होगा. केवल इसी चालान का उपयोग शुल्क जमा करने के लिए होगा. कृपया बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नजदीकी शाखा में जाकर इस इस स्व निर्गत पे-इन-स्लिप का उपयोग कर निर्धारित शुल्क जमा करें.

चयन प्रकिया :

चयन परीक्षा के माध्यम (ऑनलाइन) से केवल श्रेष्ठता के आधार पर होगा .
परीक्षा की प्रक्रिया ऑनलाइन निम्नानुसार होगी -

क्रम संख्या	विषय	कुल अंक	न्यूनतम अंक आहर्ता	कुल समय
1	क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान	30	12	2 घण्टे
2	अंग्रेजी भाषा का ज्ञान	10	4	
3	सामान्य ज्ञान बैंकिंग सहित	20	8	
4	प्राम्भिक अंकगणित / सांख्यकीय योग्यता	20	8	
5	मनोवैज्ञानिक परीक्षा	20	8	
	कुल योग	100	40	

*सरकार के प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अंक में 5% की छूट लागू होगी .
उपर्युक्त परीक्षा में अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के अलावा परीक्षा द्विभाषी यथा हिंदी/अंग्रेजी में उपलब्ध होगा .

बैंक परीक्षा प्रक्रिया / प्रणाली को संशोधित करने के सभी अधिकार सुरक्षित रखता है और इसको वैंक की वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा. परीक्षा के विषय में अन्य सूचना हैंडआउट के माध्यम से प्रवेश पत्र के साथ प्रेषित की जायेगी जो बैंक की वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध होगी .

डिस्क्लेमर:

यदि अभ्यर्थी द्वारा आवेदन से सम्बन्धित कोई मिथ्या सूचना अथवा प्रक्रिया खण्डन सम्बन्धी जानकारी दी जाती है तो सूचना के संज्ञान में आते ही चयन प्रक्रिया के दौरान अथवा उपरान्त (चयन होने की स्थिति में) अभ्यर्थी का आवेदन / चयन पूर्वकालिक प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा .

इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों बैंक का निर्णय अंतिम होगा और सभी अभर्थियों द्वारा मान्य होगा .